elect, in the manner as directed by the Chairman, one Member from amongst the Members of the House to be a member of the Council of the Institutes."

The question was put and the motion was adopted.

DISPENSING WITH ZERO HOUR AND QUESTION HOUR

MR. CHAIRMAN: As it was announced by the Deputy Chairman earlier, there will not be Question Hour or any other issues except the Special Mentions which will be taken up after the scheduled Business of the House is concluded.

Farewell to the Chairman, Rajya Sabha; hon. Prime Minister.

FAREWELL TO THE CHAIRMAN

प्रधान मंत्री (श्री नरेन्द्र मोदी) : आदरणीय सभापति जी, आज हम सब इस सदन के सभापति और देश के उपराष्ट्रपति, आदरणीय श्री एम. वेंकैया नायडु जी को उनके कार्यकाल की समाप्ति पर उन्हें धन्यवाद देने के लिए उपस्थित हुए हैं। यह इस सदन के लिए बहुत ही भावुक पल है। सदन के कितने ही ऐतिहासिक पल आपकी गरिमामयी उपस्थिति से जुड़े हुए हैं, फिर भी अनेक बार आप कहते रहे हैं, 'I have retired from politics, but not tired of public life.' इसीलिए इस सदन को नेतृत्व देने की आपकी जिम्मेदारी भले ही पूरी हो रही हो, लेकिन आपके अनुभवों का लाभ भविष्य में सुदीर्घ काल तक देश को मिलता रहेगा। हम जैसे अनेक सार्वजनिक जीवन के कार्यकर्ताओं को भी मिलता रहेगा।

आदरणीय सभापति महोदय, आजादी के अमृत महोत्सव में आज जब देश अपने अगले 25 वर्षों की नई यात्रा शुरू कर रहा है, तब देश का नेतृत्व भी एक तरह से एक नए युग के हाथों में है। हम सब जानते हैं कि इस बार हम एक ऐसा 15 अगस्त मना रहे हैं, जब देश के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, स्पीकर, प्रधान मंत्री, सब के सब वे लोग हैं, जो आजाद भारत में पैदा हुए हैं और सब के सब बहुत ही साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं। मैं समझता हूँ उसका अपना एक सांकेतिक महत्व है, साथ में देश के नए युग का एक प्रतीक भी है।

आदरणीय सभापति महोदय, आप तो देश के एक ऐसे उपराष्ट्रपति हैं, जिसने अपनी सभी भूमिकाओं में हमेशा युवाओं के लिए काम किया है। आपने सदन में भी हमेशा युवा सांसदों को आगे बढ़ाया और उन्हें प्रोत्साहन दिया। आप लगातार युवाओं के साथ संवाद के लिए यूनिवर्सिटीज़ और इंस्टीट्यूशन्स लगातार जाते रहे हैं। नई पीढ़ी के साथ आपका एक निरंतर कनेक्ट बना हुआ है, और युवाओं को आपका मार्गदर्शन भी मिला है और युवा भी आपसे मिलने के लिए हमेशा उत्सुक रहे हैं। इन सभी संस्थानों में आपकी लोकप्रियता भी बहुत रही है। मुझे बताया गया कि वाइस-

प्रेज़ीडेंट के रूप में आपने सदन के बाहर जो भाषण दिए, उनमें करीब-करीब 25 प्रतिशत युवाओं के बीच में रहे। यह भी अपने आप में एक बहुत बड़ी बात है।

आदरणीय सभापति महोदय, व्यक्तिगत रूप से मेरा यह सौभाग्य रहा है कि मैंने बड़े निकट से आपको अलग-अलग भूमिकाओं में देखा है। आपकी बहुत सारी भूमिकाएँ ऐसी भी रहीं, जिनमें मुझे आपके साथ कंधे से कंधा मिला कर कार्य करने का भी सौभाग्य मिला है। पार्टी कार्यकर्ता के रूप में आपकी वैचारिक प्रतिबद्धता हो, एक विधायक के रूप में आपका कामकाज हो, सांसद के रूप में सदन में आपकी सक्रियता हो, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष के रूप में आपका सांगठनिक कौशल्य और लीडरशिप की बात हो, कैबिनेट मंत्री के रूप में आपकी मेहनत, नवाचार का आपका प्रयास और उससे प्राप्त सफलताएं हों, ये सब देश के लिए बहुत उपकारक रहे हैं। उपराष्ट्रपति और सदन के सभापति के रूप में आपकी गरिमा और आपकी निष्ठा, मैंने आपको अलग-अलग जिम्मेदारियों में बड़े लगन से काम करते हुए देखा है। आपने कभी भी किसी भी काम को बोझ नहीं माना, हर काम में आपने नये प्राण फूंकने का प्रयास किया है। आपका जज़्बा, आपकी लगन हम लोगों ने निरंतर देखी है। मैं इस सदन के ज़रिए प्रत्येक माननीय सांसद और देश के हर युवा से कहना चाहूंगा कि वो समाज, देश और लोकतंत्र के बारे में आपसे बहुत कुछ सीख सकते हैं। 'लिसनिंग, लर्निंग' लीडिंग', 'कनेक्टिंग, कम्युनिकेटिंग, चेंजिंग' और 'रिफ्लेक्टिंग, रीकनेक्टिंग', जैसी किताबें आपके बारे में बहुत कुछ बताती हैं। आपके ये अनुभव हमारे युवाओं को गाइड करेंगे और लोकतंत्र को मज़बूत करेंगे।

आदरणीय उपराष्ट्रपति महोदय, आपकी किताबों का जिक्र मैंने इसलिए किया, क्योंकि उनके टाइटल में आपकी वह शब्द प्रतिभा झलकती है, जिसके लिए आप जाने जाते हैं। आपके वन लाइनर्स - विट लाइनर्स होते हैं और विन लाइनर्स भी होते हैं, यानी उसके बाद कुछ और कहने की जरूरत ही नहीं रह जाती। Your each word is heard, preferred, revered and never countered. कैसे कोई अपनी भाषा की ताकत के रूप में और सहजता से इस सामर्थ्य के लिए जाना जाए, और उस कौशल से स्थितियों की दिशा को मोड़ने का सामर्थ्य रखे, सचमुच में आपकी इस सामर्थ्य को मैं बधाई देता हूं।

साथियो, हम जो भी कहते हैं, वह महत्वपूर्ण तो होता ही है, लेकिन जिस तरीके से कहते हैं, उसकी अहमियत ज्यादा होती है। किसी भी संवाद की सफलता का पैमाना यही है कि उसका गहरा इम्पैक्ट हो, लोग उसे याद रखें और जो भी कहें, उसके बारे में लोग सोचने के लिए मजबूर हों। अभिव्यक्ति की इस कला में वेंकैया जी की दक्षता, इस बात से, सदन में भी और सदन के बाहर भी देश के सभी लोग भली-भांति परिचित हैं। आपकी अभिव्यक्ति का अंदाज़ जितना बेबाक है उतना ही बेजोड़ भी है। आपकी बातों में गहराई भी होती है और गंभीरता भी होती है। वाणी में विट भी होता और वेट भी होता है, warmth भी होती है और विज़डम भी होती है। आपका संवाद का तरीका ऐसे ही किसी बात के मर्म को छू जाता है और सुनने में मधुर भी लगता है।

आदरणीय सभापति महोदय, आपने दक्षिण में छात्र राजनीति करते हुए अपना राजनीतिक सफर शुरू किया था। तब लोग कहते थे कि जिस विचारधारा से आप जुड़े थे, उसका और उस पार्टी का निकट भविष्य में तो दक्षिण में कोई सामर्थ्य नजर नहीं आता है, लेकिन आप एक सामान्य विद्यार्थी कार्यकर्ता से यात्रा शुरू करके, और दक्षिण भारत से आते हुए उस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के शीर्ष पद पर पहुंचे, यह आपकी एक अविरक्त विचारनिष्ठा, कर्तव्यनिष्ठा और कर्म के

प्रति समर्पण भाव का प्रतीक है। अगर हमारे पास देश के लिए भावनाएं हों, बात कहने की कला हो, भाषाई विविधता में आस्था हो, तो भाषा और क्षेत्र हमारे लिए कभी भी दीवार नहीं बनते हैं, यह आपने सिद्ध किया है।

आदरणीय सभापति महोदय, आपकी कही एक बात बहुत लोगों को याद होगी और मुझे तो विशेष रूप से याद है। मैंने हमेशा सुना है कि आप मातृभाषा को लेकर बहुत ही टची रहे हैं, बड़े आग्रही रहे हैं, लेकिन बात को कहने का आपका अंदाज भी बड़ा खूबसूरत है, जब आप कहते हैं कि मातृभाषा आंखों की रोशनी की तरह होती है और आप आगे कहते हैं कि दूसरी भाषा चश्मे की तरह होती है। ऐसी भावना हृदय की गहराई से ही बाहर आती है। श्री वेंकैया जी की मौजूदगी में सदन की कार्यवाही के दौरान हर भारतीय भाषा को विशिष्ट अहमियत दी गई है। आपने सदन में सभी भारतीय भाषाओं को आगे बढ़ाने के लिए काम किया। सदन में हमारी सभी 22 शेड्यूल्ड लैंग्वेज़ेज़ में कोई भी माननीय सदस्य बोल सकता है, उसका इंतजाम आपने किया। आपकी प्रतिभा, आपकी निष्ठा आगे भी सदन के लिए एक गाइड के रूप में हमेशा-हमेशा काम करेगी। कैसे संसदीय और शिष्ट तरीके से भाषा की मर्यादा में कोई भी अपनी बात प्रभावी ढंग से कह सकता है, इसके लिए आप प्रेरणापुंज बने रहेंगे।

आदरणीय सभापति महोदय, आपकी नेतृत्व क्षमता, आपके अनुशासन ने इस सदन की प्रतिबद्धता और प्रोडक्टिविटी को नई ऊंचाई दी है। आपके कार्यकाल के वर्षों में राज्य सभा की प्रोडक्टिविटी 70 परसेंट बढ़ी है। सदन में सदस्यों की उपस्थिति बढ़ी है। इस दौरान करीब-करीब 177 बिल पास हुए या उन पर चर्चाएं हुईं, जो अपने आपमें एक कीर्तिमान है। आपके मार्गदर्शन में ऐसे कितने ही कानून बने हैं, जो आधुनिक भारत की संकल्पना को साकार कर रहे हैं। आपने कितने ही ऐसे निर्णय लिये हैं, जो अपर हाउस की अपवर्ड जर्नी के लिए याद किये जाएंगे। सचिवालय के काम में और अधिक एफिशिएंसी लाने के लिए भी आपने एक समिति का गठन किया। इसी तरह राज्य सभा सचिवालय को सुव्यवस्थित करना, इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देना, पेपरलेस काम के लिए ई-ऑफिस सिस्टम को लागू करना, आपके ऐसे कितने ही काम हैं, जिनके जरिए उच्च सदन को एक नयी ऊँचाई मिली है। आदरणीय सभापति महोदय, हमारे यहाँ शास्त्रों में कहा गया है:-

"न सा सभा यत्र न सन्ति वृद्धाः,
वृद्धा न ते ये न वदन्ति धर्मम्।"

अर्थात् जिस सभा में अनुभवी लोग होते हैं, वही सभा होती है और अनुभवी लोग वही हैं, जो धर्म, यानी कर्तव्य की सीख दें। आपके मार्गदर्शन में राज्य सभा ने इन मानकों को पूरी गुणवत्ता से पूरा किया है। आप माननीय सदस्यों को निर्देश भी देते थे और उन्हें अपने अनुभवों का लाभ भी देते थे और अनुशासन को ध्यान में रखते हुए प्यार से डाँटते भी थे। मुझे विश्वास है कि किसी भी सदस्य ने आपके किसी भी शब्द को कभी अन्यथा नहीं लिया। यह पूँजी तब पैदा होती है, जब व्यक्तिगत जीवन में आप उन आदर्शों और मानकों का पालन करते हैं।

आपने हमेशा इस बात पर बल दिया कि संसद में व्यवधान एक सीमा के बाद सदन की अवमानना के बराबर होता है। मैं आपके इन मानकों में लोकतंत्र की परिपक्वता को देखता हूँ।

पहले यह समझा जाता था कि अगर सदन में चर्चा के दौरान शोरगुल होने लगे तो कार्यवाही को स्थगित कर दिया जाता है, लेकिन आपने संवाद, सम्पर्क और समन्वय के जरिए न सिर्फ सदन को संचालित किया, बल्कि उसे प्रोडक्टिव भी बनाया। सदन की कार्यवाही के दौरान जब सदस्यों के बीच कभी टकराव की परिस्थिति पैदा होती थी, तब आपसे बार-बार सुनने को मिलता था- "Let the Government propose, let the Opposition oppose, let the House dispose." इस सदन को दूसरे सदन से आये विधेयकों पर निश्चित रूप से सहमति या असहमति का अधिकार है। यह सदन उन्हें पास कर सकता है, रिजेक्ट कर सकता है या अमेंड कर सकता है, परन्तु उन्हें रोकने की, बाधित करने की परिकल्पना हमारे लोकतंत्र में नहीं है।

आदरणीय सभापति महोदय, हमारी तमाम सहमतियों और असहमतियों के बावजूद आज आपको विदाई देने के लिए सदन के सभी सदस्य एक साथ उपस्थित हैं। यही हमारे लोकतंत्र की खूबसूरती है। यह आपके लिए इस सदन के सम्मान का उदाहरण है। मैं आशा करता हूँ कि आपके कार्य, आपके अनुभव आगे सभी सदस्यों को जरूर प्रेरणा देंगे। अपने विशिष्ट तरीके से आपने सदन चलाने के लिए ऐसे मानदंड स्थापित किये हैं, जो आगे इस पद पर आसीन होने वालों को प्रेरित करते रहेंगे। जो लीगेसी आपने स्थापित की है, राज्य सभा उसका अनुसरण करेगी, देश के प्रति अपनी जवाबदेही के अनुसार कार्य करेगी, इसी विश्वास के साथ आपको पूरे सदन की तरफ से, मेरी तरफ से अनेक-अनेक शुभकामनाएँ देता हूँ और आपने देश के लिए जो कुछ भी किया है, इस सदन के लिए जो कुछ भी किया है, इसके लिए सबकी तरफ से ऋण स्वीकार करते हुए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ। बहुत-बहुत शुभकामनाएँ।

श्री सभापति : धन्यवाद, प्रधान मंत्री जी। श्री मल्लिकार्जुन खरगे जी, लीडर ऑफ दि अपोज़िशन।

विपक्ष के नेता (श्री मल्लिकार्जुन खरगे) : माननीय सभापति जी, मुझे थोड़ा-सा कोल्ड इफ़ेक्ट होने की वजह से मेरी आवाज़ उतनी बुलंद नहीं है, जितनी कि प्राइम मिनिस्टर ने अपनी सारी बातें आपके सामने रखीं। ऐसा भी होता है कि जो पहले वक्ता बात करते हैं, वे सारी बातें बोल देते हैं, बफे सिस्टम टाइप यानी पंक्ति में जो पहले जाता है, उसको ज्यादा खाना मिलता है, जो बाद में जाता है, उसको उतना नहीं मिलता है, उसी तरह से जो वक्ता बाद में बात करते हैं, वे थोड़ी इधर-उधर की बातें बोलते हैं। आपसे 30-40 साल से जो पहचान है, उसके आधार पर मैं आपके सामने चंद बातें रखना चाहता हूँ। आप जनरल सेक्रेट्री इंचार्ज, कर्नाटक थे, फिर बीजेपी के प्रेज़ीडेंट भी थे, फिर यह हमारा सौभाग्य है कि आप तीन बार कर्नाटक से राज्य सभा मेम्बर चुन कर आए।

सभापति जी, विचारों के इस सदन, राज्य सभा के चेयरमैन के रूप में आपकी विदाई के मौके पर मैं चंद बातें रखना चाहता हूँ। राज्य सभा, परमानेंट हाउस होने के कारण संसदीय लोकतंत्र में इसकी अलग हैसियत है। आज जब कि देश आजादी के 75वें साल का उत्सव मना रहा है, इस हाउस पर भी देश के लोगों की निगाहें पड़ रही हैं। आपके लिए न यह हाउस नया है, न हम लोग नए हैं। आप 19 सालों तक राज्य सभा में सांसद रहे, आपके साथ हमारे लगाव का एक दूसरा भी कारण है, जो मैंने पहले ही बताया कि आप तीन बार कर्नाटक से राज्य सभा के सदस्य चुन कर आए। आप छात्र जीवन से ही राजनीति में एक्टिव रहे हैं। 'जय आन्ध्र' आन्दोलन चलाने से लेकर

अब तक अपने लंबे राजनीतिक जीवन में आपने कई भूमिकाएँ निभाईं। आप 1978 से 1985 के बीच दो बार आन्ध्र प्रदेश विधान सभा के सदस्य भी रहे हैं।

यूपीए सरकार के दौरान 2008 से 2014 के बीच आप स्टैंडिंग कमेटी होम के चेयरमैन भी थे। मैं आपको विशेष रूप से यह याद दिलाना चाहता हूँ, आप भूलते तो नहीं हैं, क्योंकि आप बहुत से आर्टिकल्स लिखते ही रहते हैं और अपने पुराने विचारों को भी दोहराते हैं। हम पेपर में किसी न किसी दिन उन्हें पढ़ते ही रहते हैं। आर्टिकल 371 जे को लेकर हम कर्नाटक के लोगों ने जब आपसे अपील की कि यह बहुत दिन से पेंडिंग है और इसको एनडीए सरकार में नकारा गया है, तो किसी न किसी तरह से, हैदराबाद, कर्नाटक एरिया को पुष्टि देने के लिए, प्रगति करने के लिए हम उस आर्टिकल 371 जे में यहाँ अमेंडमेंट करना चाहते थे, तब आपने स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन होने के नाते उसको फौरन स्वीकार किया। यहाँ तक कि जब यहाँ पर ऑफिस नहीं था, तो हम लोग कर्नाटक भवन में जाकर, जो चीफ मिनिस्टर थे, उनको भी बुला कर, सभी ने बैठ कर उस आर्टिकल 371 जे के संबंध में बात की। आपने उसको स्वीकार किया और वह अमेंडमेंट के रूप में इस सदन और उस सदन में आया। इस प्रकार से यूपीए सरकार ने इसके लिए जो वादा किया था, उसको उसने निभाया। इसके लिए मैं आपका भी धन्यवाद करता हूँ। जो लोग अच्छा काम करते हैं, अगर उन्हें याद नहीं करेंगे, तो अच्छा नहीं लगता है। आपने हमें यह बहुत बड़ा काम करने की हिम्मत दी और सपोर्ट किया। आपने राज्य सभा में 18 अगस्त, 2017 को सभापति के रूप में अपने प्रथम भाषण में कहा था कि मुझे सभा के दोनों पक्षों की संवेदनाओं, नियमों, मेम्बर्स के अधिकारों, विशेष अधिकारों, भावनाओं और कुछ अवसरों पर उनकी हताशा की जानकारी है। आपने अपने स्तर पर प्रयास किये। आप कई तरह के बदलावों की कोशिश के लिए सक्रिय रहे और आपने इस बात की पैरवी भी की कि सभी प्रमुख राज्यों में अपर हाउस बनाने के लिए एक राष्ट्रीय नीति बननी चाहिए। इसी तरह से, आपने महिला आरक्षण बिल पर सहमति बनाने के साथ-साथ कई दूसरी बातें भी खुलकर कहीं। मुझे भरोसा है कि सरकार यह काम, जिसे आप अधूरा छोड़कर जा रहे हैं, उसे पूरा करेगी। जब मैं लोक सभा में विपक्ष को रिप्रेज़ेंट कर रहा था, तब आप शहरी विकास, आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री थे। इसके बाद, जब आप 2017 में राज्य सभा के चेयरमैन बने, तो मैं भी 2022 में नेता विपक्ष के रूप में आज यहाँ खड़ा हुआ हूँ। बेशक, राज्य सभा में आने के बाद हम दो अलग-अलग विचारधारा के लोग थे। आपकी आइडियोलॉजी अलग हो सकती है, मेरी आइडियोलॉजी के बारे में आप सबको मालूम है, मैं उस पर चर्चा नहीं करना चाहता हूँ। यह स्वाभाविक है कि आपसे मेरी कुछ शिकायतें भी हो सकती हैं, लेकिन वे शिकायतें इस वक्त नहीं करनी हैं, क्योंकि आपने इतनी कठिनाइयों में भी अपना रोल निभाया है, इतने प्रेशर में रहते हुए भी अपना रोल निभाया है, जिसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ। यहाँ मैं उन बातों को उठाना नहीं चाहता हूँ। मैं चंद लाइनों में अपनी बात रखना चाहता हूँ :-

"अगर तलाश करूँ कोई मिल जाएगा,
मगर तुम्हारी तरह कौन मुझे चाहेगा,
तुम्हारे साथ यह मौसम फरिश्तों जैसा है,
तुम्हारे बाद यह मौसम बहुत सताएगा।"

क्योंकि आपके बाद क्या मौसम होगा और वह कैसे सताएगा, यह मुझे नहीं मालूम है, लेकिन मैं यह बात इसलिए कह रहा हूँ कि आपने सब तरह के प्रेशर में काम करना सीखा और सब तरह के माहौल में काम किया। जैसा कि अभी यहाँ पर प्रधान मंत्री जी ने भी कहा, आपके संरक्षण में राज्य सभा के अब तक 14 फुल सेशन हुए। आपने मानसून सेशन, 2018 से एमपीज़ के लिए ऑनलाइन नोटिस देने की सुविधा उपलब्ध कराई। आपने संविधान की आठवीं अनुसूची की सभी 22 भाषाओं में सदस्यों को बोलने का मौका दिया, जिससे कई सांसदों को अपनी मातृ भाषा में बोलने में सहूलियत होगी। आपने नॉन हिन्दी इलाके के सांसदों को हिन्दी में बोलने के लिए प्रेरित किया और उन्हें प्रोत्साहित भी किया। आप जिस भी रोल में रहे, गाँव-देहात के लोगों की बात उठाते रहे। आप अटल जी की सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री थे, तो आपने 'प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना' शुरू की थी। हमारी यूपीए सरकार ने इसे आगे बढ़ाया, क्योंकि यह गाँव वालों के लिए बहुत फायदेमंद थी। सन् 1987 में अटल जी ने कहा था कि राज्य सभा में रहे बिना राजनीति की ट्रेनिंग पूरी नहीं होती। आप भाग्यशाली हैं, जो इसके सदस्य और संरक्षक, दोनों बने हुए हैं। आप इसके सदस्य भी बने और संरक्षक भी बने और अटल जी का जो कहना था, वह आपने पूरा कर दिया।

सभापति जी, आपने कई बार यह बात कही है कि पब्लिक लाइफ में राजनेता न कभी रिटायर होता है, न टायर्ड होता है, जो बात प्रधान मंत्री जी ने भी अपने भाषण में कही है। मेरी आशा है कि आप पब्लिक लाइफ से रिटायर भी नहीं होंगे और टायर्ड भी नहीं होंगे, आप काम करते रहेंगे। आप देश की दूसरी सबसे बड़ी कांस्टिट्यूशनल पोस्ट से विदा होने के बाद भी नागरिकों के बीच और सक्रियता से काम करेंगे तथा इस देश के लोकतंत्र, समता, समानता एवं संविधान के मौलिक तत्वों पर युवा-पीढ़ी का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

आपकी विदाई के मौके पर मेरे मन में कई विचार आते हैं। कोरोना संकट के दौरान भी आपने काफी प्रयास करके हाउस चलाने का प्रयास किया। सिटिंग अरेंजमेंट को बदला गया और सांसदों को कोविड प्रोटोकॉल के हिसाब से बिठाने का काम भी करना पड़ा। यहाँ पर एक बेंच पर एक या दो सदस्यों को बिठाया गया, बहुत से सदस्यों को ऊपर दीर्घा में बिठाया गया, चंद सदस्यों को लोक सभा में बिठाया गया, लेकिन आपने अपना काम नहीं छोड़ा और कोविड पीरियड में भी आप अपना काम करते रहे। आपने वर्ष 2018 में रूल्स की समीक्षा का जो काम आरंभ किया था, उस पर सभी दलों से विचार कर वह काम आगे बढ़ना चाहिए, क्योंकि कई नियमों को बदलने की जरूरत है।

आज हाउस में जो बातें होती हैं, उन्हें पूरा देश और दुनिया देखती है। राज्य सभा और लोक सभा, दोनों की विशिष्ट भूमिकाएँ हैं। मैं यहाँ एक बात यह रखना चाहता हूँ कि लोक सभा टीवी और राज्य सभा टीवी, इन दोनों का मर्जर नहीं होना चाहिए था। जनता से जुड़े सुख-दुःख के मामलों पर गंभीर चर्चा हो, सर्वोत्तम समाधान भी निकले, यह बात देश के सभी लोग चाहते हैं। राज्य सभा अलग-अलग विचारधाराओं की राजनीति का केन्द्र भले हो, नज़रिये में भले कुछ फर्क हो, लेकिन सबका लक्ष्य और सपना देश की इन्क्लूज़िव ग्रोथ, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा तथा देश की एकता कायम रखने का होना चाहिए। हमें उम्मीद है कि इसके लिए आपका योगदान जारी रहेगा, क्योंकि आपने पहले ही बहुत बार कहा है कि मैं रिटायर नहीं होता और टायर्ड भी

नहीं होता। इस बात को ध्यान में रखकर इस इन्क्लूज़िव ग्रोथ, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा एवं भारत की एकता के लिए आप हमेशा लड़ते रहेंगे।

मैं आपके स्वास्थ्य और सार्थक जीवन की कामना करते हुए इस पंक्ति के साथ आपको बहुत शुभकामनाएँ देता हूँ, क्योंकि यह बहुत ही अहम है:

"कहाँ आँसुओं की ये सौगात होगी, नए लोग होंगे नई बात होगी,
चिरागों को आँखों में महफ़ूज़ रखना, बड़ी दूर तक रात ही रात होगी,
मुसाफिर हैं हम भी, मुसाफिर हो तुम भी,
किसी न किसी मोड़ पर फिर मुलाकात होगी।"

आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री सभापति : मैं व्यक्तिगत रूप से बफे को ज्यादा पसंद करता हूं। मैं सहपंक्ति भोज के पक्ष में हूं और इसमें विश्वास भी करता हूं, इसलिए आप निश्चिंत रहिए। आप लाइन में कहीं भी बैठें, वहां तक आपको सब मिलेगा, लेकिन सब लोगों को अपने-अपने स्वास्थ्य के हिसाब से खाना है। श्री देरेक ओब्राइन, प्लीज़ आप बोलिए। Please. *...(Interruptions)...* Please. *...(Interruptions)...* Yes, Shri Derek O'Brien.

SHRI DEREK O'BRIEN (West Bengal): Sir, just after Independence, in undivided Andhra Pradesh, those who owned agricultural land, how did they show how well-off they are and how important they are in that area? They had a very interesting way of showing. They didn't show, it just that they had, the number of bullocks you owned, the number of pairs of bullocks you owned. If you owned, two pairs of bullocks, you were quite well off; if you owned four pairs of bullocks, you were even better off, and a few families owned six or eight pairs of bullocks. One such family owned eight pairs of bullocks, so good so far. But, one day, one of these animals, they went totally nutty and the bullock actually gorged a lady in the stomach. The lady was carrying a baby or a one year old boy, dropped the child, obviously. The lady was taken to the hospital and the lady passed away, and the child lost his mother at the age of one. This is your story, Sir, of an early loss, and from that early loss, whatever you have done which we can find, not only in Wikipedia entries but in a glorious career you have had. I don't want to go there today because, I think, we have lots of speakers, so, we will all talk about that. I am sure that will make a good story for your autobiography which you must write. I have had many experiences with you, but a few I am going to talk about today and I, certainly, don't expect answers for any of

those, but maybe one day you will write an autobiography! So, this child who lost his mother in these tragic circumstances, of this agricultural family, cut to September 20, 2020. To me, that was a very important day in my outlook about you and maybe, you will answer that question some day in your autobiography! On September, 20, 2020, the day this House passed the Farm Bills, you were not on the Chair. You were not. Sir, you are the only Vice-President who has served four terms as a Rajya Sabha M.P. You are the only Vice-President who has visited every Indian State, all 28 States, including the States in the North-East. Sir, these we know but some day you will give us the answers. When I first came here, you used to sit this side, and I remember, on the 2nd of September, 2013--I think, your seat was just here--you made a passionate speech on petrol and diesel. ...*(Interruptions)*... Sir, one day you will tell us in your autobiography; anyway, let us not go there. On the 1st of March, 2013--I remember one more speech of yours, you led the discussion--Mr. Jaitley was on that side and you made a intervention for about five to six minutes on phone tapping. * And you have really given one piece of advice to us, the Opposition and the Government; it is, "Talk to each other and solve." I think that is one take, the take-away; in the meetings, we know, sometimes, what happens in Chambers stays in Chambers. But you used to always say--you talk in the same tone when you talk to the Government, and when you talk to Opposition--"Talk and Solve." And nobody is perfect. *Earlier, today, some point was made about productivity in Rajya Sabha. Yes, Sir; you have been the Chairman of the Rajya Sabha. We want to congratulate you. If you look at the productivity numbers and the number of Bills passed, you were there. But there is another side to this argument. And as you leave today, Sir, we would urge upon you because you have, at least, twenty more years to offer in public life and these are the thoughts we would urge on you. I say because there is another school of thought which thinks that * And you have often advised us to send Bills to Committees; like, why only six out of ten or why only one out of ten Bills are going! You would say, "Send Bills, scrutinize these Bills". So these are the issues, which I am sure, you will address because I know, autobiography or no autobiography, you will speak your mind and you will guide us.

---

* Expunged as ordered by the Chair.

Sir, of all the happy things we remember is the great food you served us and the great host that you are. Not only you, but, I think, equal credit should go to Mrs. Naidu. Every time you hosted any MP, all of us, in the Vice-President's House, it was absolutely wonderful and since I eat mostly non-vegetarian food, that became even better. Sir, we wish you and Mrs. Naidu, on behalf of my party, the All India Trinamool Congress, and everybody, happy years ahead. And, I remember, as you once mentioned, "You are the 'Chief' outside; but you have a 'Home Minister' at home, who actually controls whatever is going on". Sir, the Prime Minister, very nicely put it in his speech where he said, "Every word you said is revered and it is preferred". Yes, Sir, we would like to add to that. We wanted you to stay here longer, the fact that you are going is, actually, deferred.

MR. CHAIRMAN: Thank you, Mr. Derek. Now, Shri Tiruchi Siva.

SHRI TIRUCHI SIVA (Tamil Nadu): Mr. Chairman Sir, there are some moments which are unavoidable, but, at the same time, unacceptable. This is also one such. Only in the agony of parting, do we look into the depths of love. Today, we are bidding you farewell only because it is customary one; that is all. But we can never do so.

Sir, on behalf of my Party, DMK, and my fellow colleagues here from my party, we have a special regard for you. I shower upon you profusely, our thanks, appreciations and congratulations for your tenure in this august House as Chairman.Sir, there are many things to recollect. We would have irked you sometimes seeking opportunities. Instead of doing anything which is very harsh, your just one word with affinity and command, 'Siva' has made me to sit down. Nothing else you resorted to. I have many times told you that also. Sir, in Tamil, there is a word (ARIMAA NOAKU) meaning, 'a look of a lion'. In the forests, not all animals stand and look back. Only the lion can do so. It only can look back the path it treaded. It alone can bring behind it all the animals in the forests in a disciplined manner. You are a lion, Sir; you can look back, for you have left behind very great track record.

Sir, you started your life as a very good student. As a student leader, wedded yourself to an ideology; you started climbing the ladder. You never came down. You were a Member of the Legislative Assembly; you became the leader of your party. You became a Member of this august House. You were in the Opposition Bench. You were a Minister. Now, you have decorated the second highest position in this country, the Vice-President; the second constitutional authority. Sir, we had great times with you as the Chairman of this House. One thing you will also appreciate.

We might have disturbed you. We might have shouted, of course, in the path of democracy, seeking opportunities, insisting for debates but, at the same time, during our discourse, never have we come down the decorum of this House. You have appreciated many times that the debates in this House by all the party Members are par excellence.

Sir, on this occasion, I think this is the right time and right place to put on record three things. The hon. Leader of the Opposition mentioned that only in Rajya Sabha, a Member can speak in any of the 22 languages in the Eighth Schedule of the Constitution, and that you only brought that into action. Wherever you go, you have advocated for the regional languages to cherish. You advised everyone, 'please protect, enrich your mother tongue, at the same time, learn some other language also'. Nothing wrong with that! Based on that alone, you have done other two things which many of our colleagues themselves would not know but I would like to put on record today, not only to the Members in this House but also to the people outside in the world.

Sir, there has been a customary practice and convention in the Parliament. It is a British legacy. Whenever a Member or a Minister lay a paper on the Table of the House, the convention is to say, 'I beg to lay on the Table of the House'. I am a product of the self-respect movement, Sir. So, such words are indigestible. We were not able to digest. I had represented to your predecessors many a time, to the Government also, many a time. But nobody bothered. Sir, I must appreciate and thank you, you only removed that word. Why in a Democratic Republic, any one should beg to the other? You removed that word. And, now with heads held high, every Member and Minister are just tabling the papers, not beg. They rise to lay the paper on the Table of the House. And, second, Sir, all notices we send to the Secretariat are addressed to the Secretary-General, and many might not have noticed when we signed it saying 'Yours Faithfully'. It doesn't suit a Member of Parliament to write to an office, 'yours faithfully'; it is not a school. I represented it to you, Sir. You asked, 'what can be the substitute'? I said, 'Yours Sincerely'. And, now all our notices are having 'Yours Sincerely'. I don't know about the other House. I don't want to say that, even if it be so. Sir, you upheld the dignity of the Members and also you were always very much interested in upholding the decorum and dignity of this House. Sir, we cannot forget your face in this House as Chairman. There are many other things. And, personally, I cannot forget you. I can recollect you in many ways. Whenever I see S.V. Ranga Rao on the screen, I will be reminded of you only, that majestic look and walk only you resemble. You will be in Chennai, that also I know, you will be very close to us. I request you-- Sir, Derek told, you will write --

please write an autobiography, which will be your real contribution to the posterity of this country. Only one word, Sir, we will miss you. We will miss you, Sir, Thank you.

श्री संजय सिंह (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली) : सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे आज इस भावुक अवसर पर अपनी बात कहने का मौका दिया है। सर, जब मैं इस सदन में आया, तो विपक्ष में होने के नाते कई बार अपने मुद्दों को लेकर मुझे आपके गुस्से और आपकी नाराजगी का सामना भी करना पड़ा, लेकिन मैं आज पूरे देश को इस सदन के माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि मैं एक ऐसा सौभाग्यशाली सांसद हूं, जिसे आपका सबसे अधिक प्यार मिला है, आपकी सबसे अधिक गाइडेंस मिली है और इस चेयर से हटने के बाद आपने सबसे अधिक समझाने का काम किया है। मैं जब कभी भी चैम्बर में गया, तब आप एक अलग इंसान थे, घर पर गया, तब आप एक अलग इंसान थे। आपने चेयर से हमेशा यह समझाने का काम किया कि सदन की मर्यादा के हिसाब से चलो। सर, मुझसे इन साढ़े चार वर्षों में कभी भी कोई भूल, कोई गलती हुई है, तो मैं उसके लिए आपसे हाथ जोड़कर माफी चाहता हूं। उसमें कुछ भी व्यक्तिगत नहीं था, उसमें जो कुछ भी था, वह कभी देश के किसी मुद्दे पर, कभी जनता के किसी मुद्दे पर था। उस वक्त मुझसे जो भी गलती हुई है, मैं उसके लिए आपसे क्षमाप्रार्थी हूं।

सभापति महोदय, आपका एक वाक्य था, आपने इसी चेयर से बैठकर वह वाक्य कहा था और यह हाउस, यह राज्य सभा का सदन उसी का प्रतिनिधित्व करता है। आपने उस भावना को इस सदन में हमेशा जीवित रखा है। आपका वह वाक्य था - 'विविधता में एकता-भारत की विशेषता।' आपने सारी भाषाओं में, यहाँ तक कि जो हमारी स्थानीय भाषाएं थीं, हमें उनमें भी सदन में बोलने की अनुमति दी। महोदय, यह आपकी एक वैचारिक सोच का प्रतीक है और हम सभी इसके लिए आपके बहुत-बहुत आभारी हैं।

सर, हो सकता है कि आप आगे हमें इस चेयर पर न दिखें, लेकिन मैं एक बात के लिए आपसे जरूर रिक्वेस्ट करूंगा कि आप जिस प्यार से हम लोगों को भोजन के लिए बुलाते थे, वह सिलसिला रुकना नहीं चाहिए। आप जब भी दिल्ली आएं, तो दिल्ली का सांसद होने के नाते हम चाहेंगे कि हमें उसकी सूचना मिले और हम सभी लोग आपके साथ बैठें, आपसे हमेशा सीखते रहें। सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत आभार। महोदय, मैं आम आदमी पार्टी की ओर से, अरविंद केजरीवाल जी की ओर से और हमारे सदन के सभी सांसदों की ओर से आपके उज्ज्वल भविष्य की प्रभु से प्रार्थना करता हूं और ढेर सारी शुभकामनाएं देता हूं। महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

DR. SASMIT PATRA (Odisha): Mr. Chairman, Sir, it is a very poignant day, it is a very heavy day. I do not want to bid you farewell, honestly; I don't want to bid you farewell. I just hope that you will stay on and on. But, then life has its own transitions. Sir, I want to first thank you on behalf of my party, Biju Janata Dal, on behalf of our leader, Shri Naveen Patnaikji, for your service to the nation, for your service to this country, for your service to this House and being the great man that you are, with your simplicity, with your charm, with your dedication, with your commitment having

so much for all of us. It has been only three years that I have come to know about you personally, but it seems like a lifetime! Time is short. Hon. Prime Minister was speaking about how you have always promoted the youth, how you have promoted the regional languages, which the hon. LOP and others also have been saying it. I will not elaborate on that. I have brought evidence to the House today. I am going to lay on the evidence for everyone to see. The day was February 7th, 2020. The day before, I had been to your Chamber and you had said, 'Sasmit, why don't you speak in Oriya? It is your mother tongue! Speak more!' The next day, I spoke in Oriya, which was my first Zero Hour mention on a specific topic. You were on the Chair, Sir. You said, 'उत्तम कहुछन्ति', meaning you spoke well. After a few minutes, I get this brief note from you, Sir. What does it say? It is that evidence. 'उत्तम कहुछन्ति', written by you, signed, Shri Venkaiah Naidu, to me, Sasmit Patra! Though there are many evidences, why have I brought this evidence? It is because this was a note from you to me and it is a memory of a lifetime. It will stay with me as long as I am there. That is what Shri Venkaiah Naiduji means to all of us.

Sir, on promotion of youth, there are many young Members who are very new to the House. I just wanted to take this opportunity as to how you promoted the young Members of Parliament. In August, 2020, suddenly I had a phone call in the evening saying that I have been appointed to the Panel of Vice-Chairmen of Rajya Sabha. I was surprised! I said, I am only thirteen months into Rajya Sabha. You were the person whom I called in the evening and asked, 'Do you think I am capable of presiding over this august House? Do you think I will be ever able to do justice?' You said, 'I believe in you; I stand by you; you do your work and keep working hard.' That was Shri Venkaiah Naiduji.

Sir, I will not take much time. You have always been a friend of Odisha. Whenever we have brought matters of Odisha before you, you have always given us a patient hearing. Whenever there had been matters of Odisha that had to be raised in the House, you were always open to the idea of how we can develop more and more. Whenever new Members of Parliament from across party-lines used to come up, you used to encourage them. One thing I must tell you, Sir, that your presence in the Chair is very reassuring. Your presence in the Chair gives us strength. Your presence in the Chair inspired and motivated not only the Members of Parliament of Rajya Sabha, you have also inspired and motivated every youth of the nation. I say that with a great measure of humility.

Sir, at the end, I just like to say that I am today reminded of the words of Robert Frost: "These woods are lovely, dark and deep, But I have promises to keep, And miles to go before I sleep, And miles to go before I sleep." Today, you have

miles to go. As Derekji said, you have more than 20 years of public life left. You will continue to inspire us every day. We will continue to cherish your memories every day.

With these words, Sir, I thank you for your wisdom and your leadership. On behalf of Biju Janata Dal and our leader Shri Naveen Patnaikji, we thank you for your service to the nation. Thank you.

SHRI V. VIJAYASAI REDDY (Andhra Pradesh): Mr. Chairman, Sir, I thank you for the opportunity given to me. Needless to mention, every Telugu person today is proud that this august House is chaired by a Telugu man. On behalf of nine crore Telugu people, I say that you have made us really proud. I speak on behalf of nine crore Telugu people. We all feel proud of you. I hail from Nellore district and you also hail from Nellore district. I have attended so many of your public meetings as a student and we all were inspired. Your political rise is inspirational for all of us, not only for Nellorites but also for the entire country. When you rise, we all feel as if we have risen. This is the inspiration what we have got from you. As the hon. Prime Minister said, I really appreciate your articulation and command over the languages, Telugu, Hindi and English -- I don't know about the other languages -- and Tamil also. The entire nation would recollect that on 5th August, 2019 when emotions ran high and this House was discussing the abrogation of Article 370, your presence on the Chair gave strength to the smaller, regional parties like us at that point of time to speak freely and help pass the Resolution. I take this opportunity to appreciate your support that you have extended to the Standing Committees and how, under you, the Parliamentary Standing Committees gained importance. You reviewed from time to time and gave inspiration to all of us, the Chairmen as well as the Members of the Standing Committee.

Sir, I would like to recollect, at this point of time, one incident. 6 साल पहले जब मैं इस सदन में आया था, almost six years back, तब मैं आखिरी कतार में बैठता था, in the last row. सर, मुझे लगता था कि मुझे शायद बोलने का मौका नहीं मिलेगा। I never thought that I would get a chance. लेकिन आपने मुझे बोलने का मौका दिया। मुझे ही नहीं, बल्कि सभी नए सदस्यों को बोलने का मौका दिया। सर, मैं सबकी तरफ से आपको धन्यवाद देता हूँ। सर, एक और कारण है, जिसकी वजह से मैं आपका आभारी रहूँगा। आपने मुझे चेयर पर बैठ कर सदन चलाने के योग्य समझा और मुझे मौका दिया। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

सर, आप हमेशा स्वस्थ रहें, प्रसन्न रहें, मैं यह कामना करता हूँ। बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: Now, Dr. K. Keshava Rao; not present. Shri Ahmad Ashfaque Karim.

श्री अहमद अशफाक करीम (बिहार) **:** रेस्पेक्टेड चेयरमैन साहब, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया कि आपने मुझे यह मौका दिया। यह सुनहरा मौका मैं किसी तरह से खोना नहीं चाह रहा था। मैं अप्रैल, 2018 से इस सदन में हूँ। वाकई आज का जो माहौल है, ऐसा माहौल मैंने कभी नहीं देखा। यह सिर्फ आपकी मोहब्बतों और जम्हूरी निज़ाम के तेहन हाउस को चलाने की वजह आज कुछ मुखतलिफ़ सा माहौल है। आज इस तारीखी और यादगार अलविदाई प्रोग्राम के मौके पर मैं खुशी और ग़म के जज़्बात का मिला-जुला असर अपने वजूद समेत पूरे मजमे में देख रहा हूँ। आपने जो मोहब्बत दी है, यह उसके नतीजे में है। खुशी इस बात की है कि हमारा जम्हूरी निज़ाम इस कदर मजबूत और खूबसूरत है कि इसके पाबंद आप जैसे कद्दावर लीडर और तारीखसाज़ रहनुमा भी हैं। मुद्दते सदारत मुकम्मल हुआ और खुशदिली से न सिर्फ अलविदा कह गए, बल्कि अलविदाई तकरीब को आप ज़ीनत भी बख्श रहे हैं। आपसे पहले के हमारे बुज़ुर्गों ने भी यही किया और वह आइंदा भी यही रहेगा। हर कोई अपनी मुद्दत पूरी करने के बाद बावकार चेयर दूसरों को सुपुर्द कर देता है, दूसरों को हवाले कर देता है, यही सिलसिला चल रहा है। इससे हमें बहुत कुछ सीख मिलती है। खुशी इस बात की भी है कि आपने अपनी पूरी मुद्दत में तमाम अराकीन, यानी माननीय सदस्यों का न सिर्फ एहतराम किया, बल्कि उन्हें अच्छे माहौल में अपनी बातें सदन में रखने का मौका भी दिया और जम्हूरी रवायात व इक़दार को क़ायम रखने की हत्तनईमकान कोशिश करते रहे। लेकिन ग़म के जजबात का भी दिमाग और दिलों पर गहरा असर है। आपकी यादें, आपकी बातें, मुद्दतों तक रहेंगी और इस मुल्क़ के सियासी और तारीख़ी पन्नों में आपका नाम अदब से लिया जाता रहेगा। हम सब दुआ करते हैं कि आपकी अगली ज़िन्दगी भी सेहत व आफ़ियत के साथ गुज़रे और समाज व मुल्क़ को तरक्की की राह पर लाने की आपकी कोशिशें जारी रहें।

"गूंजते रहेंगे तेरे अल्फ़ाज़ मेरे कानों में,
तूने तो आराम से कह दिया अलविदा दोस्तो।"

[†]**جناب احمد اشفاق کریم (بہار):** قابل احترام چئیرمین صاحب، آپ کا بہت بہت شکریہ کہ آپ نے مجھے بولنے کا موقع دیا۔ یہ سنہرا موقع میں کسی طرح سے کھونا نہیں چاہ رہا تھا۔ میں اپریل، 2018 سے اس ایوان میں ہوں۔ واقعی آج کا جو ماحول ہے، ایسا ماحول میں نے کبھی نہیں دیکھا۔ یہ صرف آپ کی محبتوں اور جمہوری نظام کی طرح ہاؤس کو چلانے کے بدلے آج کچھ عجب سا ماحول ہے۔ آج اس تاریخی اور یادگار الوداعی پروگرام کے موقعے پر میں خوشی اور غم کے جذبات کا ملا جلا اثر اپنے وجود سمیت پورے مجمع میں دیکھ رہا ہوں۔ آپ نے جو محبت دی ہے وہ اس کے نتیجے میں ہے۔ خوشی اس بات کی ہے کہ ہمارے جمہوری نظام اس قدر مضبوط اور خوبصورت ہیں کہ اس کے پابند آپ جیسے قد آور لیڈر اور تاریخ ساز رہنما بھی ہیں۔ مدت صدارت مکمل ہوا اور خوشدلی سے نہ صرف الوداع کہہ گئے، بلکہ الوداعی تقریب کو آپ زینت بھی بخش رہے ہیں۔ آپ سے پہلے کے ہمارے بزرگوں نے بھی یہی کیا اور وہ آئیندہ بھی یہی رہیگا۔

ہر کوئی اپنی مدت پوری کرنے کے بعد باوقار چئیر دوسروں کو سپرد کر دیتا ہے، دوسروں کے حوالے کردیتا ہے، یہی سلسلہ چل رہا ہے۔ اس سے ہمیں بہت کچھ سیکھ ملتی ہے۔ خوشی اس بات کی بھی ہے کہ آپ نے اپنی پوری مدت میں تمام اراکین، یعنی معزز ممبران کا نہ صرف احترام کیا، بلکہ انہیں اچھے ماحول میں اپنی باتیں ایوان میں رکھنے کا موقع بھی دیا اور جمہوری روایات و اقدار کو قایم رکھنے کی حتی الامکان کوشش کرتے رہے۔ لیکن غم کے جذبات کا بھی دماغ اور دلوں پر گہرا اثر ہے۔ آپ کی یادیں، آپ کی باتیں، مدتوں تک رہیں گی اور اس ملک کے سیاسی اور تاریخی پنّوں میں آپ کا نام ادب سے لیا جاتا رہے گا۔ ہم سب دعا کرتے ہیں کہ آپ کی

[†] Transliteration in Urdu script.

اگلی زندگی بھی صحت و عافیت کے ساتھ گزرے اور سماج و ملک کو ترقی کی راہ پر لانے کی آپ کی کوششیں جاری رہیں۔

گونجتے رہیں گے تیرے الفاظ میرے کانوں میں،
تو نے تو آرام سے کہہ دیا الوداع دوستوں!

DR. JOHN BRITTAS (Kerala): Sir, I endorse whatever has been spoken here by my esteemed and senior colleagues, including the hon. Prime Minister and the Leader of the Opposition. Nevertheless, I consider this as my bounden duty to place the appreciation, gratitude and best wishes to you from my Party, CPI (M), on record.

Sir, as you know, we are from the opposite sides of the ideological spectrum. But, Sir, I have no hesitation in lauding your clarity of conviction. Sir, you belong to the category of Statesmen with an organic thinking. What has impressed me the most — I would speak what I feel at heart; I would not speak a word which is not part of my thought process — is that you are a living example of the great diversity of this nation. That is the underlying thread of the unity of this country. I have a reason why I say so. When there is shrill chorus for uniformity of behaviour, culture, language and even food, Sir, you stand tall as a lamppost of rich diversity that the country has and should be. Can I submit one thing? Even the spotless Dravidian attire shows that.Many have spoken about hospitality. I have my own personal experience of almost three decades. Javadekarji, it is more than three decades; please note the point. As a journalist, I have observed you shifting your base from Andhra to the vortex of national politics. Sir, you are simply the king of hospitality. I don't think anybody else in this House can match with it. I would relish those days when we had scrumptious non-vegetarian meals; I stress on that — non-vegetarian meals. I am vegetarian too as much as I am non-vegetarian. At your house and also at the BJP Office — Naddaji, please note the point — many of my juniors in journalism have pleasantly surprised to think about the menu at that time. At that time, prawns and cooks used to fly from Vijayawada and Guntur to Delhi.

Sir, I think, I would be failing in my duty if I don't spell out this point. There is a feeling, amongst many, that you would go down in the history as the President the nation has missed. This is something which I thought that I should say.

DR. M. THAMBIDURAI (Tamil Nadu): He will come once again.

DR. JOHN BRITTAS: Sir, I have been seeing the House from inside, outside and from above. I cannot think of a Chairman who got involved with the nitty-gritty of the House like you. I have not seen any Chairman. Many used to come here, sit for an

hour and leave. But, you used to get involved even in the minutest aspect of the House. You have a long grueling journey from a village in Andhra, becoming an MLA, MP, Minister and also helming the organizational structure of a political party. Sir, with this long experience, you could even read the minutest emotion in our minds. One important aspect in your approach was that you are cut for the parliamentary democracy; I should say that. And, you are leaving at a time the parliamentary democracy needs you more; I would say that. Shri Derek O'Brien was saying about * I don't know what he actually meant but I feel that you are leaving at a time when we require you more, Sir. Your habit of disagreeing but allowing us and respecting us the right to express our view was something which should be talked about. Sir, one more thing. Small political parties, that is something which I need to say about, because you believed and you had the conviction that though some of the parties may be insignificant in numbers, their voices are relevant and vital to the existence of this nation as a plural polity. Sir, I would be failing in my personal duty if I don't speak about my experience. Please give me one minute. After making my maiden speech, — Sir, you should allow me to say that because the hon. Prime Minister was saying that you have the penchant to promote young and new Members -- on the following day, I got a call from the Vice-President's house. I was pleasantly surprised and I was a little concerned or worried also; after a few seconds, you were on the line, Sir, and you told me that you may not agree with me fully, but my speech was wonderful and you appreciated the homework which I did. ...*(Interruptions)*... Sir, I didn't even share this with my family because my family would think that my character has changed after becoming a Member of Parliament. But you followed it up and you also said something. You said that after reading all the newspapers, you were so sad that not even a single newspaper brought a single line about my speech, which had impressed you. You did not stop there. After two days, at a public function, you narrated this and you also said about the sad plight of journalism. It was a perfect indictment of the media which is indulging in trivial sensationalism and is frivolous. I was also partially responsible.

The other day when a few of us came to your Chamber with my Leader, Shri Elamaram Kareem, Mr. Binoy Viswam and Shri Tiruchi Siva — he is also a Leftist Leader -- you were pouring out your reminiscences about the legendary Communist leaders. You talked about Shri Bhupesh Gupta; you talked about Shri Indrajit Gupta, Shri A.K. Gopalan, you talked about Shri Somnath Chatterjee and you said, "though you differ in ideology, you would want the Leftist movement to survive and to be

---

* Expunged as ordered by the chair.

present in Parliament in full vitality and vigour." One more minute, Sir. When you inaugurated a school in Chennai,-- since Siva*ji* did not say, I should say that -- you quoted a renowned Tamil poet, Bharathiyar, and you said, "it is more virtuous to educate a child than to build thousand temples." That is very relevant. Sir, you have set a benchmark, and I would say it is not an obstacle for your success, but it is an inspiration. Like Mahatma Gandhi said, " Many men have exalted in greatness when they relinquished the Chair." As he said, power is of two kinds. One is obtained by the fear of punishment and other by acts of love. Power based on love, you said, is thousand times more effective and permanent than the one derived from fear of punishment. Wish you all the best for all your future endeavours. Thank you very much, Sir.

